तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



2 एनएच 343 जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने बरती जा रही लापरवाही




## खबर संक्षेप

### न्यायालय में वृहद लोक अदालत कल




**मनेन्द्रगढ़।** 13 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मनेन्द्रगढ़ में वृहद लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के वादों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर कराया जाएगा। लोक अदालत के साथ ही न्यायालय परिसर में आरटीओ कैम्प भी लगाया जाएगा। इसमें इच्छुक नागरिकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस एवं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। न्यायालय प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित प्रकरणों का निपटारा कराएं और आरटीओ सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

### मनेन्द्रगढ़ में व्यावसायिक परिचर्चा 14 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जिला एमसीबी द्वारा जिले में नवीन उद्योगों की सम्भावनाओं तथा राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में दी गई छूट एवं सुविधाओं पर आधारित ईएमएसएमई समिट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले, संयुक्त संचालक उद्योग संचालनालय शिवकुमार राठौर, एसईसीएल हसदेव एरिया के सीजीएम उमेश शर्मा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड जगदीश राय एवं बीपीसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन 14 सितंबर को सायं 4 बजे से विमल श्री टॉकीज रिंग रोड में किया जाएगा।

### अमृत महोत्सवः रक्तदान का महाअभियान 17 को

**मनेन्द्रगढ़।** अभा तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन 17 सितंबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान को युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी का आशीर्वाद प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए आदर्श पहल बताया है। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय चिकित्सालय आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। आयोजन के सहआयोजक श्री जैन श्वेताम्बर संघ मनेन्द्रगढ़ रहेंगे।

### ट्रक चालक व क्लीनर पर हमला करने वाले 5 गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** ट्रक चालक व क्लीनर से मारपीट और हत्या का प्रयास मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। बता दें कि कोरिया निवासी सुनील कुमार जायसवाल के ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 7186 के चालक सुरेंद्र सिंह व खलासी शनि सिंह एमपी के आमाडाह से कोयला लोड कर उड़ीसा जा रहे थे। इस दौरान 29 अगस्त को सिलफिली के समीप खड़ी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और फिर बचकर भागने लगे। भाग रहे ट्रक चालक व क्लीनर को लोगों ने पीछा कर पकड़ा और जमकर मारपीट की जबकि ट्रक में भी तोड़फोड़ की। इस मारपीट में दोनों गंभीर रूप से गायल हो गए। घायल चालक व क्लीनर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था इसके साथ ही मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 296, 351(3), 115(2), 324(4), 109,126(2) के तहत अपराध दर्ज किया था।

## ग्रामीणों ने सुधार की मांग की, सुशासन तिहार में भी दिए थे आवेदन

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन में खेल रहे नौनिहाल, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/सोनहत

कोरिया जिले में स्कूल आंगनबाडी केन्द्रों के नए सत्र में खुलने के पूर्व ही यह सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूल भवनों का मरम्मत करा लिया जाए, जर्जर भवन में किसी भी हालत में स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन नहीं किया जाए ,लेकिन इस आदेश का पालन भी कई जगहों पर नहीं हो रहा है।

इसी तरह का हाल कोरिया जिले के सोनहत जनपद मुख्यालय के पण्डोपारा में संचालिन आंगनबाड़ी केन्द्र का है, जहां राज्य सरकार की संरक्षित विशेष जनजाति पण्डो के बच्चे जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंच रहे हैं, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। जानकारी के अनुसार सोनहत के पण्डोपारा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर हो गया है और इस बारिश में छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, बावजूद आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है। इस तरह की लापरवाही छोटे बच्चो के जान के लिए खतरा प्रतिदिन बना हुआ है तथा इस केन्द्र में कभी शेष पेज 4 पर

**जर्जर आंगनबाड़ी...**







गिर रहा प्लास्टर।

### कई केन्द्रों की स्थिति ठीक नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद ही नहीं बल्कि कोरिया जिले के कई अन्य जगहों पर आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर हो गए हैं। भवन के छत का प्लास्टर टूट कर गिर रहा है, इसे देखते हुए जिले के कई स्थानों पर बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जर्जर भवन को छोड़कर दूसरे जगहों पर संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन जनपद मुख्यालय सोनहत के पण्डोपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में भवन के जर्जर होने के बावजूद दूसरी जगह वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बना कर जर्जर भवन के आंगन में केन्द्र का संचालन किया जा रहा है, इससे कभी भी नौनिहालों की जान खतरे में पड़ सकती है।

### अधिकारी नहीं देते ध्यान

महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पण्डोपारा में जर्जर भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो रहा है, इससे कभी भी पण्डो जनजाति के नौनिहालों की जान खतरे में पड़ सकती है, बावजूद इसके विभागीय अधिकारी क्या केन्द्रों का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे, यदि अधिकारी निरीक्षण पर पहुंचते हैं और भवन की खराब स्थिति के बाद भी आंगनबाड़ी केन्द्र का ऐसे जगह पर संचालन हो रहा है तो विभागीय अधिकारियों की घोर लापरवाही है। इस पर विभाग के जिम्मेदार को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

## पत्नी को लाठी-डंडे से पीटता रहा पति, सुबह हुई मौत

**नागपुर।** एमसीबी जिले के नागपुर क्षेत्र से 5 किमी दूर ग्राम सरभोका चेरवापारा में बुधवार की शाम घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। गांव की कौशल्या चेरवा उम्र 40 वर्ष को उसके पति राम चेरवा उम्र 45 वर्ष ने खाना नहीं बनाने की बात पर बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।



आरोपी।

- नवीन हाईवे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जानकारी के अनुसार आरोपी राम चेरवा बुधवार शाम 4 बजे घर आया और मामूली विवाद को लेकर पत्नी को लाठी-डंडे से मारने लगा। यह मारपीट देर रात तक जारी रही। 17 वर्षीय और 12 वर्षीय बच्चे अपनी मां को बचाने के लिए पिता को रोकते रहे, लेकिन आरोपी नहीं माना और लगातार पिटाई करता रहा। रातभर घायल अवस्था में पड़ी रही कौशल्या की सुबह मौत हो गई। सूचना मिलते ही नवीन हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टरों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज किया। गुरुवार को आरोपी को मनेन्द्रगढ़ न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया।

### नशे में स्कूल में घुसा युवक शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**नागपुर।** चिरमिरी रोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सेंधा में शुक्रवार दोपहर कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। सहायक शिक्षक मनीष कुमार बच्चों को पढ़ा रहे थे, तभी सेंधा निवासी अनिरूद्ध प्रसाद साहू शराब के नशे में धुत होकर स्कूल में घुस आया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए शिक्षक से हाथापाई की। घटना की सूचना मिलते ही नवीन हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह दलबल समेत मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। उल्लेखनीय है कि महज दस दिन पहले भी आरोपी ने अपने भाई व राहगीर बंगाली दादा चक्रवर्ती के साथ मारपीट की थी। उस मामले में भी पुलिस ने आरोपी पर धारा 296, 115 (2), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा था। हाल ही में जमानत पर छूटने के बाद आरोपी ने फिर से उपद्रव किया और अब दोबारा जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया।

## प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की नाकाम कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिव मंदिर में बीती आधी रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन उनकी साजिश असफल रही। यह मंदिर बस स्टैंड एनएच-43 के समीप स्थित है और क्षेत्र के श्रद्धालुओं के बीच विशेष धार्मिक महत्व रखता है।

- नाग देवता व जल चढ़ता कलश सुरक्षित, श्रद्धालुओं में आक्रोश

जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर रात में मंदिर परिसर में दाखिल हुए और नाग देवता व शिवलिंग पर स्थापित जल चढ़ता कलश को चुराने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ स्थानीय नागरिकों ने चोरों को देखा। मौके पर पकड़े जाने के डर से चोर नाग देवता व कलश वहीं छोड़कर भाग निकले।

सुबह श्रद्धालुओं को घटना की जानकारी होते ही उन्होंने तत्काल चरचा थाना को सूचना दी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है तथा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर पुनः नाग देवता व जल चढ़ता कलश स्थापित किया। इस घटना से क्षेत्रवासियों में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंदिर परिसर में रखे नाग देवता व कलश का धार्मिक और भावनात्मक महत्व अत्यधिक है।

इस कारण यह कृत्य आस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। थाना प्रभारी ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चोरों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना ने पूरे चरचा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को झकझोर कर रख दिया है।



शिव मंदिर जहां घटना हुई।

## अवैध शराब बेचने वाला गया जेल

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी पर सख्ती से कार्रवाई करने आबकारी विभाग को निर्देशित किया है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला सहायक आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा एवं उनकी टीम ने पटना थाना क्षेत्र सरभोका में पूरी दबिश के साथ 10 सितंबर को लल्लू राम के घर छापेमारी की, मौके पर लल्लू राम के घर से 8 लीटर महुआ शराब प्लास्टिक के बोतलो में भरी हुई मिली।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लल्लू राम द्वारा अवैध शराब बिक्री का काम किया जा रहा था। आरोपी के विरूद्ध छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) की तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जिला न्यायालय बैकुंठपुर में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायाधीश द्वारा 14 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया। पोड़ी बचरा क्षेत्र में ग्राम गेजी के पन्ना लाल और पटना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया के केदारराम बरगाह, पुटा के राजू तेली, महोरा के सुरेन्द्र कुमार, कसरा के देवानंद और विफइया को अवैध शराब की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्रवाई में मुख्य आरक्षक बबुआ राम, किशुन राम, आरक्षक नरेन्द्र और हेमंत राजवाडे के साथ नगर सैनिक रूमा की सराहनीय भूमिका रही। टोल फ्री नम्बर 14405 पर सूचना दी जा सकती है।

## 25 लाख की सीसी सड़क पर सवाल

### ठेकेदार पर मनमानी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

नगरपालिका परिषद बिजुरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 खूंटाटोला में लगभग 25 लाख की लागत से बनाई जा रही सीसी सीमेंट कंक्रीट सड़क की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने ठेकेदार पर मनमानी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है।

दादू पाव के घर से शाहिद के बाड़ा तक बन रही इस सड़क को लेकर वार्डवासियों में भारी असंतोष है। उनका आरोप है कि ठेकेदार निर्माण कार्य में लापरवाही बरत रहा है और सीमेंट तथा रेत का सही अनुपात नहीं रखा जा रहा, इससे सड़क की मजबूती पर संदेह पैदा होता है। वार्ड के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं हो रहा है।



उन्होंने बताया कि जहां गड्ढ़ों को बोल्डर और पत्थरों से भरा जाना चाहिए, वहां बांस की जड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह की लापरवाही से सड़क की टिकाऊपन पर सीधा असर पड़ेगा। इस मामले पर नगरपालिका परिषद बिजुरी के जिम्मेदारों का ध्यानाकर्षित कराते हुए नाराज वार्डवासियों ने निर्माण कार्य की तुरंत जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

## अब पहले की तरह शनिवार को संचालित होंगे स्कूल

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने शनिवार को शाला संचालन की वर्षो पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए सामान्य दिनों की तरह ही शनिवार को भी प्रातः 10 से अपरान्ह 4 बजे तक शाला संचालन के आदेश जारी किए गए थे, इसके बाद शिक्षक संगठनों के विरोध के बाद एक माह पश्चात पुनः पुरानी समय को बहाल करने का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने जारी किया।

इस आदेश के पालन में अब कल शनिवार को जिले के सरकारी विद्यालय प्रातःकाल के समय में संचालित होना फिर शुरू हो जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चालू शिक्षा सत्र के शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया। इसमें यह उल्लेख था कि प्रत्येक शनिवार को विद्यालय सामान्य दिनों की तरह सुबह 10 बजे से अपरानह 4 बजे तक संचालित करने का उल्लेख था। इसमें दूसरे व चौथे शनिवार बैगलेस डे की गतिविधि करानी थी। इसका पालन जिले के कई विद्यालय करना शुरू कर दिए थे, लेकिन कुछ विद्यालय शनिवार को भी पुरानी व्यवस्था के हिसाब से सुबह के समय स्कूल का संचालन कर रहे थे, इस संबंध में हरिभूमि ने खबर का प्रकाशन भी किया था कि जिला मुख्यालय के ही कुछ बड़े विद्यालय शनिवार को पूर्व की व्यवस्था के अनुसार सुबह 7:30 बजे से स्कूल का संचालन कर रहे हैं, वहीं अधिकांश विद्यालय प्रातः 10 बजे से स्कूल का संचालन कर रहे हैं।

शिक्षक संगठनों द्वारा शनिवार को व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर विरोध किए, इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्षो पुरानी व्यवस्था के तहत सुबह के समय शनिवार को स्कूल संचालन का आदेश जारी कर दिया।

## सड़क हादसे में दो की मौत

**अम्बिकापुर।** एनएच 43 एवं 130 पर सड़क दुर्घटना में थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात एनएच 130 पर पैदल जा रहे ग्रामीण को ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जबकि दो दिन पूर्व ही एनएच 43 पर दो बाइक आमने सामने टकरा गई। दोनों घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम टपरकेला खुर्द निवासी जय मंगल यादव मंगलवार को ग्राम मुड़ेसा गया था। शाम को अकेले पैदल घर आने लगा और जैसे ही एनएच 130 मेन्ड्रा चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों न जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकारी दूसरी घटना में कांसाबेल अंतर्गत ग्राम ढोढ़ापानी निवासी महावीर प्रसाद पैकरा 7 सितंबर को बाइक से बेटी गायत्री को सूरजपुर हॉस्टल पहुंचाने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार बतौली एनएच 43 बोदा के समीप पहुंचे तभी आमने सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में महावीर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पखवाड़ेभर से दूषित पानी आपूर्ति का आरोप

# दूषित पानी की आपूर्ति से मजदूरों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र की चरचा कॉलोनियों में बीते 15 दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। एसईसीएल क्षेत्र में दो-दो वाटर फिल्टर प्लांट मौजूद होने के बावजूद हजारों मजदूर और स्थानीय नागरिक गंदा पानी पीने को विवश हैं।

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की चरचा कॉलोनी में करीब 20 से 25 हजार की आबादी रहती है। इनमें एसईसीएल कर्मचारी और गैर-कर्मचारी दोनों शामिल हैं, बावजूद इसके प्रबंधन ने अब तक समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकाला। निवासियों का आरोप है कि नए सह क्षेत्र प्रबंधक समस्या की गंभीरता को नजर अंदाज कर रहे हैं। उनका दावा है कि रविवार को कामगारों की कटौती के चलते जल आपूर्ति बाधित होती है, जबकि मजदूरों का कहना है कि यह महज ध्यान भटकाने का बहाना है।

गंदा पानी



लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रेड यूनियन हर साल वेरिफिकेशन के नाम पर मजदूरों से हजारों रूपए चंदा वसूलती है, लेकिन पानी की समस्या पर अब तक कोई पहल नहीं की गई। वहीं प्रबंधन के कई आदेश मजदूरों की व्यावहारिक जरूरतों के खिलाफ बताए जा रहे हैं, जिससे आक्रोश और बढ़ रहा है। मौजूदा हालात में मजदूर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन हड़ताल का रूप भी ले सकता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व में प्रबंधन सुचारू रूप से कामकाज करता रहा है, लेकिन अब चरचा कॉलोनी के लोग गंदा पानी पीने को विवश हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर चरचा आरओ को किस प्रकार संचालित किया जा रहा है। जनता ने उच्च प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है।

## जाति प्रमाण पत्र में तेजी लाने प्रधान पाठक की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने विकासखंड सोनहत में शिक्षा सुधार और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से प्रधान पाठक एवं विद्यालय प्रबंधन की बैठक का आयोजन किया।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सोनहत में आयोजित इस बैठक के दो चरणों में विभाजित किया गया। प्रथम चरण में दोपहर 12 बजे से संकुल प्राचार्य, सीएसी और माध्यमिक शाला प्रधान पाठक शामिल हुए, जबकि द्वितीय चरण में दोपहर 2 बजे प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के समय पर संचालन,



शिक्षा गुणवत्ता में सुधार तथा प्रधान पाठकों को प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन कम से कम दो कालखंड में अध्यापन कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों को बच्चों में तर्क शक्ति, सामान्य ज्ञान, विज्ञान प्रयोग, भाषा एवं शब्दावली के सुधार, हिन्दी एवं अंग्रेजी के शुद्धलेखन पर भी जोर देने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा विकसित करने एवं खेल-खेल में विज्ञान के प्रयोग सिखाने पर बल देना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राथमिक कक्षाओं में ही निबंध एवं आवेदन पत्र लेखन का अभ्यास कराया जाए।

बैठक में रूप से एमआईएस प्रभारी विनय मोहन भट्ट, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, खंड स्त्रोत समन्वयक एरोन बखला, साक्षरता नोडल अधिकारी विरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### समाज सेवा के क्षेत्र में जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे बने प्रेरणास्रोत

**रामानुजगंज।** समाज सेवा को अपना उद्देश्य बनाकर निस्वार्थ रूप से कार्य कर रहे जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे आज समूचे क्षेत्र में एक प्रेरणा स्रोत बन गए है। श्री दुबे वर्षों से समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भीषण ठंड में सड़कों पर ठिठुरते लोगों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने का अभियान शुरू किया और हर साल जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन्हें कंबल, स्वेटर, टोपी जैसे गरम कपड़े बांटते हैं। इसके अलावा उन बच्चों की भी मदद करते हैं जिनके पैरों में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं होती। ऐसे बच्चों की पहचान कर चप्पल, जूते, कपड़े और पाठ्य सामग्री की व्यवस्था कराते हैं ताकि कोई बच्चा सिर्फ अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उनके कार्यों से प्रभावित होकर समाज के कई युवाओं ने भी जन चेतना कल्याण मंच से जुड़कर सेवा कार्यों में भाग लेना शुरू कर दिया है। श्री दुबे का मानना है कि सच्ची सेवा वही है जो निस्वार्थ हो और हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए।

### शिक्षा गुणवत्ता को लेकर हुई शिक्षा समिति की बैठक



**धौरपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों के बेहतर एवं सुचारू संचालन तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एकल शिक्षक विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था, शाला संचालन, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया, पेंशन प्रकरण, मध्यान्ह भोजन योजना तथा अन्य संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया गया कि स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करना, शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना तथा विद्यार्थियों के हितार्थ शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में श्रीमती कंचन जायसवाल, श्रीमती रीना मिंज, राजेश सोनी, श्रीमती कुसुम, मो. हलीम फिरदौसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति हब अंतर्गत शासकीय स्कूल सिल्फीली में चला विशेष जागरूकता अभियान



**बिश्रामपुर।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर द्वारा शासन की योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलफिली चलाया गया,जहां पर महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शारदा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका भ्रूण हत्या,बाल विवाह,घरेलु हिंसा,सखी वन स्टाप सेंटर टोल फ्री नंबर 181,1098 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की, साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं का सभी प्रकार के पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई,साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा,नशे से दूरी से संबंधित जानकारी प्रदान कर बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया,बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बालिकाओं को अवगत कराकर सतर्क रहने की समझाइश दी गई,इस दौरान यूनिसेफ समन्वयक हितेश निर्मलकर ने भी बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### बाजार से चोरों ने पार किया युवक का बाइक

**अम्बिकापुर।** राकेश चंद राजवाड़े आ. बोल साय (35 वर्ष) मंगलवार की सुबह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 4309 से कंपनी बाजार सब्जी खरीदने गया था। युवक बाइक को बाजार परिसर में खड़ा कर खरीदारी करने लगा और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क के गड्ढों पर डाली जा रही मिट्टी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

# एनएच 343 जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

बारिश के बाद से एनएच 343 सड़क की हालत न सिर्फ काफी दयनीय हो गई है बल्कि लोगों का आवागमन करना कठिन हो गया है। हालांकि सड़क मरम्मत के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू होगी। लेकिन विभाग द्वारा जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने लापरवाही बरती जा रही है। सड़क के गड्ढों पर गिट्टी, डस्ट की जगह मिट्टी पाट खानापूर्ति की जा रही है जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**
- 3 करोड़ की लागत से होगी सड़क मरम्मत

रामानुजगंज से बलरामपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। निर्माण कार्य से पहले सड़क को यातायात योग्य बनाए रखने के लिए शासन द्वारा करीब 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है जिससे आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा सके। वर्तमान में सड़क के काफी जर्जर और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से यात्री बस सहित छोटे वाहन एवं बाइक स्कूटी से आवागमन करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में सड़क मरम्मत से पूर्व जर्जर सड़क को यातायात योग्य बनाने गड्ढों को पाटा जा रहा है। इस मरम्मत में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। गड्ढे में गिट्टी व डस्ट भरने के बजाय सिर्फ मिट्टी का उपयोग कर पाटा जा रहा है, जो अस्थायी और अव्यवस्थित समाधान है। ऐसे में हल्की बारिश होने के बाद ही यह मिट्टी बह जाती है, जिससे सड़क की स्थिति पहले जैसी हो जाती है और गड्ढे फिर से उभर आते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



गड्ढों में भरे गए मिट्टी।

#### समस्या से करा चुके है अवगत

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के सामने उठाया गया। परंतु मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो रहा। गड्ढों को भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है जिससे लोग परेशान हैं।

#### हो चुकी है कई दुर्घटना

बारिश के बाद से एनएच 343 सड़क के काफी जर्जर हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है। कुछ दिनों के भीतर हुई दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद गड्ढे में पानी जमा हो जाने के कारण राहगीरों को पता नहीं चलता है कि कहां गड्ढा है कहां नहीं। ऐसे में सड़क को समतल समझ बाइक सवार गड्ढे में चले जाते है जिससे दुर्घटना होती है।

#### गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग

राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर इस प्रकार की लापरवाही से लोगों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों की मांग है कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि निर्माण कार्य शुरू होने तक सड़क सुरक्षित और यातायात योग्य बनी रहे।



## नगर के स्नेह मिलन हॉल स्थित बैडमिंटन कोर्ट में लगाया जाएगा मैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खेल प्रेमियों की वर्षों पुरानी मांग क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा पूरी किए जाने के आश्वासन पर क्षेत्रीय खिलाड़ियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है,गौरतलब है कि नगर के स्नेह मिलन हॉल स्थित बैडमिंटन कोर्ट में लंबे से खिलाड़ियों को मैट की समस्या से जूझने विवश होना पड़ रहा था,जहां अब जल्द ही मैट बिछाए जाने की बात कही जा रही है,खिलाड़ियों ने इस सुविधा के लिए लंबे समय से सक्रिय रहकर संघर्ष किया और अब क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने उनकी मांग को स्वीकृति प्रदान कर दी है,ज्ञात हो कि बैडमिंटन कोर्ट का फर्श काफी वर्ष पुराना होने से जर्जर अवस्था में है,खेल प्रेमी राजेश जैन ने बताया कि पुराने बैडमिंटन कोर्ट में हर अभ्यास के दौरान चोट का खतरा बना रहता है, कई बार फिसलने और गिरने से खिलाड़ियों को चोटें भी आईं हैं, इन सब के बावजूद खेल का जुनून था कि वे रोज अभ्यास के लिए पहुंचते रहे,लेकिन भीतर से सभी को इस बात की चिंता थी कि अगर समय रहते व्यवस्था नहीं हुई,तो स्थानीय स्तर की प्रतिभाएं दब जाएंगी,इस समस्या के समाधान के लिए खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से क्षेत्रीय महाप्रबंधक को आवेदन देकर कोर्ट में मैट लगाने की मांग की,खिलाड़ियों के परेशानी के मद्देनजर जीएम ने तत्काल इसे स्वीकृत कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,यह खबर मिलते ही खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर बनी है,खेल प्रेमियों का कहना है कि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के प्रयासों से न सिर्फ खेल,बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा,इस निर्णय पर खिलाड़ियों ने जीएम का आभार जताया है, भेंट करने वालों में खेल प्रेमी राजेश जैन, चरणजीत सिंह, अमन अग्रवाल समेत अन्य खेल प्रेमी शामिल रहे।

- खेल प्रेमियों के आग्रह पर महाप्रबंधक ने दी स्वीकृति

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर : मेजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, रेट में सुधार करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल सिंह मेजर ने कही।

उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब भारतीय अर्थव्यवस्था लोगों के लिए राम राज्य लाने वाला साबित होगा। श्री मेजर ने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। इसका लाभ वस्त्र उद्योग को, विशेष रूप से निर्यात के लिए, होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा और यह किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करना दुखद है। विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार की इसका अमेरिकी टैरिफ से कोई सम्बंध है, निहायत ही बचकाना और झूठ है। जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, चंद्रमणि पैकरा, शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, मुकेश गर्ग, संत सिंह, दीपक गुप्ता, राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, लीलू गुप्ता, कपिल पांडेय, मनमत बछड़, रामानन्द जायसवाल, पवन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्राद्धपक्ष पर तुलसी साहित्य समिति की सरस काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



काव्यगोष्ठी में शामिल कवी।

श्रद्धपक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने पं.रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, शायर-ए-शहर यादव विकास, सच्चिदानंद पाण्डेय देवेन्द्रनाथ दुबे और एसपी जायसवाल के आतिथ्य में केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की।

गोष्ठी में तुलसीकृत रामचरितमानस और एसपी जायसवाल सृजित सरगुजिहा रामायण का पाठ किया गया। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने पितरों का श्राद्ध करना चाहिए। श्राद्ध में माता-पिता की तीन पीढ़ियां शामिल होती हैं, जिन्हें जल और भोज्य पदार्थ देकर संतुष्ट करना होता है। वरिष्ठ विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि धर्मनाश होने से संपूर्ण कुल में पाप फैल जाता है और पाप के अधिक बढ़ जाने से कुल की स्त्रियां अत्यंत दूषित हो जाती है और इससे वर्णसंकर उत्पन्न होता है। यह वर्णसंकर कुल को नरक में ले जाता है। प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपने पूर्वजो का तर्पण और श्राद्ध करे। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष शायर मुकुंदलाल साहू ने वंशज पूर्वज का करें, भीतर से सम्मान, माधुरी जायसवाल ने पितरों तुमको है नमन, प्रताप पाण्डेय ने जिन्होंने दिया स्नेह और मार्गदर्शन रचना सुनाई। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर और जय गुप्त ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। एसजी जायसवाल ने धरती कर महिमा कर करथों बखान, रामलाल विश्वकर्मा ने खुशगवार जिंदगी होते खराब देखा है, देवेन्द्रनाथ दुबे ने बने झील-से दर्द सारे आंसू बनकर झरते तारे, चंद्रभूषण मिश्र ने परदे में ऐ परदानशीं इतराना सीख, कृष्णकांत पाठक ने पूछा किसी ने मुझसे कि स्वर्ग है कहा पर , गीता दुबे ने आभार से भरा मन गणपति एवं शायर-ए-शहर यादव विकास आपका परदा उठाना हो गया, आज मौसम आशिकाना हो गया रचना सुनाई। इस दौरान मनीला गुप्ता, केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, लीला यादव, हरिशंकर प्रसाद उपस्थित थे।

## प्रशासन एवं व्यापारी संघ की हुई बैठक यातायात व्यवस्था को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में स्थानीय प्रशासन एसडीएम व व्यापारी संघ की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ललिता भगत, पुलिस एसडीओपी अनूप एक्का, नगर पंचायत सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का ने कहा कि नगर में ट्रैफिक सुविधा बेहाल है। जगह-जगह यातायात बाधित होता है, वाहनों को जहां मन वहां खड़ा कर दिया जाता है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। दुकानदार सड़क तक दुकानों के समान को निकाल देते हैं जिसके वजह से दिक्कत होता है।

दुकानों के सामने जगह नहीं होने के कारण लोग अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। तेज रफ्तार वाहन, साइलेंसर बुलेट वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने भी इस विषय में सुझाव बताया। आने वाले त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन ने व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु यह बैठक रखी। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि नगर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा होता है जिससे पूरा मार्ग बाधित हो जाता है। नगर पंचायत द्वारा कोई पहल नहीं किए जा रहे है। प्रतापपुर मुख्य मार्ग से बड़े वाहनों का दिन में प्रवेश कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधित है उसके बावजूद भी भारी वाहन मार्ग में गुजर रहे हैं जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही साफ सफाई सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओपी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने या वाहनों को इधर-उधर खड़ा करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित क्षेत्र से ट्रक सहित भारी वाहन आने पर जब्ती कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, कोषाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, संरक्षक नवीन जायसवाल, सचिव विनोद जायसवाल, उपाध्यक्ष पप्पू हाशमी, हरिशंकर गर्ग, जितेंद्र कश्यप, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आजाद कुरेशी, अंकुर जायसवाल, थाना प्रभारी अमित कौशिक,सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## रोशन लाल चुने गए सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष

**बलरामपुर।** जिले में सर्राफा एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। छग सर्राफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी व प्रदेश महासचिव प्रकाश गोलछा के निर्देश पर जिला प्रमुख राजेश सोनी के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक के दौरान राजेश सोनी ने सर्राफा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष के पद हेतु निर्वाचन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से सुनीता ज्वेलर्स के संचालक रोशन लाल मणि को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला सर्राफा एसोसिएशन में संरक्षक मंडल अजय सोनी, रामचंद्र सोनी, दीपक कुमार, उपाध्यक्ष रंजन सोनी, सचिव ओम प्रकाश सोनी, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोनी, सहसचिव श्रावण सोनी, मीडिया प्रभारी विवेक सोनी, सह मीडिया प्रभारी पीयूष सोनी को घोषित किया गया। इस दौरान रतन सोनी, कौशिक सोनी, संजय सोनी, विजय सोनी, गंगा सोनी, सुभाष सोनी, देबाशीष माना, राजू सोनी सहित अन्य अन्य उपस्थित थे।

### राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदन का किया गया निराकरण



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर ओड़गी विकासखंड के ग्राम पंचायत धरसेड़ी के पंचायत भवन में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, वन एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के 40 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनका मौके पर पटवारी प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित आवेदकों को प्रदान किया गया। इसके अलावा वन अधिकार किसान किताब, श्रम विभाग से संबंधित तथा वन अधिकार पत्र के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही ऑनलाइन त्रुटि सुधार हेतु 4 आवेदन भी प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की गई। शिविर 10 से 17 सितंबर तक प्रतिदिन 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में ग्रामीणों की राजस्व एवं भूमि संबंधी समस्याओं जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र आदि का निराकरण किया जा रहा है।

## वरिष्ठ नागरिक संघ ने ग्राम केतका में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम केतका में मंगलवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ नागरिक संघ संयोजक लालचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, मधुमेह, रक्तचाप एवं मौसमी बीमारियों की जांच एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से 70 वर्ष अधिक आयु वाले व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह ने वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता कि आप लोग वरिष्ठ है बल्कि आप लोग युवा के समकक्ष लगते है। संघ के संयोजक लालचन्द अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सूरजपुर वरिष्ठ नागरिक संघ के द्वारा विगत 5 वर्षों से जिला अस्पताल में मरीजों के परिजन के सुबह का निःशुल्क नाश्ता वितरण, ठंड में जिले के 6 विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में कंबल, साड़ियां, बच्चों के कपड़े, साल-स्वेटर का वितरण, गर्मी में नगर के विभिन्न सार्वजनिक इलाको में शीतल पेयजल की व्यवस्था करता रहा है। संघ द्वारा वर्षा ऋतु में पौधरोपण का कार्य किया जाता है। डॉ. अनिल शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ नागरिक संघ से काफी लम्बे समय से जुड़े होने की बात कही साथ ही वरिष्ठ नागरिक संघ को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### रजत महोत्सव के तहत साई बाबा कॉलेज ने निकाली साक्षरता रैली

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में मंगलवार को रजत महोत्सव 2025 पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय प्रांगण से साक्षरता रैली निकाली गयी। रैली को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और सभी को साक्षर बनाना हमारा कर्तव्य है। आपकी जिम्मेदारी है कि अपने आसपास के लोगों को साक्षर बनायें। उन्होंने सभी को साक्षरता की शपथ दिलायी। हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जो डिगमा, गांधीनगर होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में पहुंची। रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर युवा गतिविधि क्लब के तत्वाधान में विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण और सेमिनार प्रतियोगिता आयोजित हुई। सेमिनार में विकसित भारत 2047 और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए सुझाव और कार्ययोजना बतायी गई। प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका सहायक प्राध्यापक शैली सिन्हा, सगुफ्ता नाज, स्वाती शर्मा ने निभाई।

## नवनियुक्त अध्यक्षों का भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/उदयपुर



भाजपा मंडल रामगढ़ में नव नियुक्त अध्यक्ष छग आदिवासी एवं औषधि पादप बोर्ड विकास मरकाम एवं नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा सत्यनारायण सिंह का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रामगढ़ एवं देवगढ़ मण्डल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, अनिल सिंह, चंद्र बसु यादव, संतोष जायसवाल, कमलेश जायसवाल, दिनेश यादव, त्रिलोचन सिंह, श्याम लाल जायसवाल, बुद्ध मोहन सिंह, सरस्वती सिंह, प्रमिला पोर्ते, मनबोध मरकाम, अर्जुन सिंह, डालेश्वर यादव, मुन्ना सिंह, कैलाश सिंह, रमेश यादव, शुभम भदोरिया, विजय यादव, दीपक सिंघल, संजय यादव, मणि दास, आकाश जायसवाल, बिट्टू सिंह, पप्पू कश्यप, प्रमोद जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।




# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

लाइफ Style



# दीपिका

## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तैयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।




# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

टीवी मसाला




# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला

**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'



# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टु और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।



### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें


**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'



## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट

# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

*__नई दिल्ली।__ ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*




**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।

## खबर संक्षेप

### बैकुंठपुर में वाचनालय का शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं व्यंग्य गिरीश पंकज के करकमलों से जिले के पहले सर्वसुविधायुक्त निजी वाचनालय/पुस्तकालय का उद्घाटन 11 सितंबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने आशीर्वचन स्वरूप दोहे सुनाए और कहा कि डेवलप स्योर पाठशाला महानगरों की तर्ज पर बना एक अत्याधुनिक स्वाध्याय केन्द्र है, जो छोटे शहरों के प्रतिभाशाली छात्रों और पुस्तक प्रेमियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। गिरीश पंकज ने अपनी रचना समर्पित करते हुए बताया कि स्वाध्याय क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो दिल से अध्ययन करे, पाए सच्चा ज्ञान, जो गफलत करता वहीं पछताए नादान। उन्होंने पुस्तकों को सच्चा मित्र बताते हुए युवाओं को नियमित स्वाध्याय और मनन-चिंतन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों व पुस्तक प्रेमियों ने काफी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, विरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह, योगेश गुप्ता, चंदन गुप्ता, प्रदीप पाठक, शंकर सुवन मिश्रा, मीना शर्मा, काया मिश्रा, आकाश पोद्दार, डॉ. एमसी हिमधर, रूद्रनारायण मिश्रा, सुनील मिश्रा, राजेश शर्मा, मनोज मिश्रा, प्रवीन्द सिंह, दुष्यंत कुमार, संवर्त रूप, अरूण जैन, तनु पासवान सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने वाचनालय की पहल को सराहते हुए कहा कि यह केन्द्र नई पीढ़ी को ज्ञानार्जन और स्वाध्याय के लिए प्रेरित करेगा।

### सड़क किनारे मिला ग्रामीण का शव, जांच जारी



**अंबिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र के ग्राम मांजा में ग्रामीण का शव मिला है। ग्रामीण देर शाम घर से निकला था। लखनपुर थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि ग्राम कटिंदा निवासी 65 वर्षीय प्रेमचंद आ. शिवबालक यादव 9 सितम्बर की शाम घर से निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा। बुधवार की सुबह 7 बजे क्षेत्र के ग्राम मांजा मुख्य मार्ग में पुलिया के समीप ग्रामीण का शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक आदतन शराबी था और पिछले चार दिनों से घूम घूमकर शराब पी रहा था। फिलहाल उसकी मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

### नगर पंचायत पटना के दुर्गा पंडाल में आयोजन

# आयुष स्वास्थ्य मेलाः 511 मरीजों का चेकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत पटना के दुर्गा पंडाल में निःशुल्क खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। यह आयोजन संचालनालय आयुष छग शासन के आदेश पर तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्वीना रोस टोप्पो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मेले में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आयुर्वेद, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से रोगियों का उपचार किया। कुल 511 मरीजों (आयुर्वेद 437, होम्योपैथी 74) ने लाभ लिया। उद्घाटन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने आमजन को दोषरहित आयुर्वेद चिकित्सा, योग और प्राणायाम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

वहीं जिला आयुष अधिकारी डॉ. टोप्पो ने राष्टीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और स्वस्थ जीवन के लिए दिनचर्या, ऋतुचर्या और संतुलित आहार-विहार की जानकारी दी। शिविर में डॉ. मिथलेश ने पंचकर्म सहित विभिन्न रोगों की चिकित्सा विधियों पर जानकारी दी। डॉ. राजेश सिंह यादव ने रोगियों का अग्निकर्म किया तथा जलौकावचारण और कपिंग थैरेपी की जानकारी दी। डॉ. पुष्पा सिंह ने होम्योपैथी चिकित्सा की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. एके सिंह, पार्षद अमित सिंह, पार्षद सुजीत सोनी, पार्षद सौरभ सिंह, रविशंकर शर्मा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयुष मेले में डॉ. बीआर नायक, डॉ. मनोज सिंह तोमर, डॉ. जवाहर लाल यादव, डॉ. खिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रमोद पाण्डेय, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. प्रमोद सिंह, डॉ. अंजली, डॉ. श्रृष्टि गुप्ता, फार्मासिस्ट राजेश विश्वकर्मा, पंचकर्म सहायक गजेन्द्र साहू, औषधालय सेवक शिव कुमार साहू सहित स्वास्थ्य अमले का सक्रिय सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन डॉ. बीआर नायक ने किया।





### रजत जयंती पर मेगा स्वास्थ्य शिविर




मनेन्द्रगढ़। छग राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों में स्वास्थ्य मेले, हितग्राहियों के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर तथा बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शामिल हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य जन-जन तक आयुष स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना और महिलाओं, बच्चों, युवाओं एवं अन्नदाताओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत तोजा में स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही शासकीय आयुर्वेद औषधालय केल्हारी द्वारा हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केल्हारी में औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान आंवला, जामुन, अमरूद, आम व अशोक सहित अनेक पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया तथा छात्रों को इन पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी दी गई।

## हितग्राहियों को मिला आयुष्मान, वय वंदन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां में खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा 70 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया।

इसी कड़ी में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिलेभर में बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित हुए, इनमें सैकड़ों हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत रतनपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 4 हितग्राही, ग्राम पंचायत उधनापुर उप स्वास्थ्य केन्द्र में 5 हितग्राही, जिला चिकित्सालय चिरमिरी में 5 हितग्राही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां में 3 हितग्राही, आयुष्मान आरोग्य मंदिर घुटरा में 3 हितग्राही, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलबहरा में 5 हितग्राही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महाई में 5 हितग्राही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पेंड्री में 4 हितग्राही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरगा में 5 हितग्राही, आयुष्मान आरोग्य मंदिर लाई में 5 हितग्राही, कोठारी में 4, बिहारपुर में 5, डिहुली में 3, परसगढ़ी में 5, सिरौली में 3 और कठौतिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिए गए।

# जनकपुर महाविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



छग रजत जयंती उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में पुस्तक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के ग्रंथालय की पुस्तकों के साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों के निजी संग्रह की पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं। भरतपुर विकासखंड के विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

काफी संख्या में पहुंचे विद्यार्थियों ने साहित्य, विज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित पुस्तकें तथा विविध विषयों की ज्ञानवर्धक पुस्तकों को उत्साहपूर्वक देखा। प्रदर्शनी में सजाए गए स्टाल विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। रजत जयंती उत्सव समिति के संयोजक डॉ. अवनीश पटेल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि जगाना है, ताकि वे आगे पढ़ने और ज्ञान अर्जन के लिए प्रेरित हों। इस अवसर पर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक हेमंत बंजारे, डॉ. विनीत कुमार पाण्डेय, महावीर पैकरा, ऋषभ कुमार बोरकर, परमानंद, अतिथि व्याख्याता गीतिका वर्मा, आशुतोष वर्मा, मोनिका मिश्रा, डॉ. दीपशिखा पटेल, प्रयोगशाला तकनीशियन रामप्रसाद बैगा, महरोज बेगम, सुरजीत सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर राजाराम सिंह परस्ते, अमित मिश्रा, सुनीता सिंह, प्रियंका सरकार, शमीम खान, कमलेश कुमार बैगा, निखिल केवट, रघुवीर, रानी बंसल, दीपक बंसल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का समापन विद्यार्थियों के साथ संवाद और पुस्तकों की उपयोगिता पर चर्चा के साथ हुआ।

# पीजी कॉलेज में रोजगार मेला



**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े रहीं तथा अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं तिलक वंदन से किया गया। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने रोजगार मेले की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा संस्थानों और रोजगार बाजार के बीच की दूरी को कम करते हैं और विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलता है। मुख्य अतिथि श्रीमती राजवाड़े ने विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और मन लगाकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा सुवा, करमा एवं सैला नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। रोजगार मेले में बैंकिंग, इंश्योरेंस एवं ऑटोमोबाइल्स सहित विभिन्न शासकीय एवं निजी कंपनियों ने स्टॉल लगाए। अंतिम वर्ष एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेकर प्लेसमेंट की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. आशुतोष देऊस्कर ने आभार व्यक्त किया। संचालन में अनुरंजन कुजूर, डॉ. संदीप सिंह, श्रीमती सपना जायसवाल, कु. आंशी पाटले, योगश्वर साय, श्रीमती नीलम गोयल, इम्तियाज अली एवं श्री हेमंत का सक्रिय सहयोग रहा।



## बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

बैकुण्ठपुर। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालित है। विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी नर्सिंग के वार्षिक परीक्षा जून में संपन्न किया गया था एवं बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम 8 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्राओं का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय एवं शत प्रतिशत रहा है। सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें छात्रा पूजा साहू 72.2 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की एवं खुशी तिवारी 70.68 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान तथा सोमा 70.2 प्रतिशत लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त की। छात्राओं ने परीक्षा परिणाम का श्रेय माता-पिता एवं संस्था के प्रबंधन एवं प्राचार्य डॉ. अंजना सैमुएल तथा समस्त शिक्षकों को दिया। संस्था प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# जिला स्तरीय क्विज, भाषण प्रतियोगिता



**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को जिला स्तरीय क्विज, भाषण एवं समूह परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उदय सिंह और विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सभी अतिथियों का तिलक व बैच लगाकर स्वागत किया। क्विज प्रतियोगिता छग सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषय प्रथम स्थान तनुप्रिया यादव रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वितीय स्थान पुष्पा, तृतीय स्थान प्रियंका नवीन कन्या महाविद्यालय। वहीं भाषण प्रतियोगिता छग के 25 वर्षों का सफर अवसर एवं चुनौतियां प्रथम पुष्पा कन्या महाविद्यालय, द्वितीय ललित कुमार रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय, तृतीय पुष्पांजली कन्या महाविद्यालय रही। समूह परिचर्चा विकास के पथ पर अग्रसर छग अवसर एवं चुनौतियां प्रथम ललित कुमार, द्वितीय तनुप्रिया, तृतीय अनुराधा रामानुज महाविद्यालय। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र व स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. बृजेश कुमार पांडेय, भारत सिंह और श्रीमती पूनम टोप्पो शामिल रहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रीति गुप्ता तथा समिति के सदस्य डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार पाल, डॉ. सचिन सिंह और श्रीमती कंचन जायसवाल ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान दिया।



## बच्चों को स्टेशनरी सामान बांटे गए

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्रामीण आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गापुर में समाजसेवी प्रशांत कुमार राजवाड़े द्वारा पिछड़ी जनजाति पंडो, बैगा जनजाति और सारथी समुदाय के बच्चों को स्टेशनरी सामान, कॉपी, पेन, पेंसिल, शूज, मोजा आदि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट, छग स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, ग्राम पंचायत उमझर के उप सरपंच शुकवाजर, ग्राम पंचायत बिशुनपुर के निर्वाचित पंच भूपेन्द्र राजवाड़े, दयानंद राजवाड़े उपस्थित रहे। साथ ही शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला उमझर, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास सारा और शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम सारा गदबदी में मेधावी छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, पेंसिल और मिष्ठान्न प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

### आम सूचना

**समक्षः- श्रीमान् नोटरी महोदय, बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.**

**शपथ-पत्र**

मैं बुल्लू मुदुली पिता श्री स्व. अभिमन्यू जाति कुम्हार उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम वार्ड नं. 02 चरचा कालरी तह. बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूंः-

01-यह कि मैंने अपने नाम सुधार हेतु व्यवहार न्यायालय वर्ग-02 बैकुन्ठपुर के समक्ष निवेदन किया था जिसका प्र.क्रं. 16अ/2022 है जिसका निर्णय पारित आदेश दिनांक 12/05/2023 को घोषित किया गया है। 02- यह कि माननीय न्यायालय के पारित आदेश के अनुसार बुल्लू मोदिली के स्थान बुल्लु मुदुली सुधार किया जा चुका है। तथा मैं अपने नाम में सुधार कराने का समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन कराने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं बुल्लु मुदुली पिता श्री स्व. अभिमन्यू यह सत्यापन करता हूं कि उक्त शपथ पत्र में दर्शित कंडिका क्रं-01 से लगायत 02 तक का कथन मेरे निजी के ज्ञान से सत्य व सही है। आज दिनांक 10/09/2025 को स्थान बैकुन्ठपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

### उद्घोषणा

सर्व साधारण ग्राम भण्डारपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक श्री अभय देव के.के. आ. आर.के. पिल्लई निवासी ग्राम जरही पो. भटगांव तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम भण्डार प.ह.नं. 12 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 313/2 रकबा 0.68 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि में से 0.04 को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/9/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 10/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

### उद्घोषणा

सर्व साधारण ग्राम भण्डारपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक श्री सुमित नाहटा आ. श्री शांतिलाल जाति जैन निवासी बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम भण्डार प.ह.नं. 12 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 313/3 रकबा 0.64 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि मे से 0.02 को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/9/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 10/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

## पृष्ठ 1 का शेष

### जर्जर आंगनबाड़ी भवन...

भी अप्रिय घटना घट सकती है। विभागीय अधिकारियों को इस मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल जर्जर भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन बंद करने की जरूरत है। पालकों ने बताया कि पण्डोपारा आंगनबाड़ी भवन की हालत जर्जर हो गई है, केन्द्र भवन का आए दिन प्लास्टर गिरता है, इससे बच्चों को खतरा बने रहता है। पालकों के अनुसार भवन की जर्जर हालत को देखकर केन्द्र के बाहर आंगन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो रहा है।

**शौचालय भी जीर्ण-शीर्ण-** पंडोपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय तो बनाया गया है, लेकिन उसके भी जीर्ण-शीर्ण होने से उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है, इससे बच्चों व महिलाओं को भारी असुविधा होती है। ग्रामीणों ने जनहित में भवन और शौचालय दोनों के उचित सुधार की मांग प्रशासन से की है। उनका कहना है कि सुशासन तिहार के दौरान भी आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

## ग्रामीणों को नहीं मिला राशन दी आंदोलन की चेतावनी

**लखनपुर।** आबंटन के बाद भी राशन नहीं मिलने से परेशान हितग्राहियों ने अब आन्दोलन की चेतावनी दी है। हितग्राहियों का आरोप है कि कलेक्टर से शिकायत के बाद भी उन्हें राशन नहीं मिल पाया। विकासखंड के ग्राम पंचायत गुमगराकला के ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। हितग्राहियों के लिए आने वाले चावल, शक्कर, चना आदि का लाभ नहीं मिल रहा है।

शासकीय उचित मूल्य दुकानों से चावल शक्कर आदि की कमी सामने आ रही थी प्रतिपूर्ति किए जाने हेतु कई बार संचालक को निवेदन किया गया लेकिन पूर्व संचालक द्वारा कमी राशन की प्रतिपूर्ति नहीं किया गया जिसे वर्तमान संचालक को हितग्राहियों के लिए पर्याप्त मात्रा में चावल आवंटन नहीं होने के कारण बांटने में काफी समस्या हो रही है.उचित मूल्य दुकान में 183 क्विंटल चावल एवं 271 किलोग्राम शक्कर की कमी है। इस मामले को लेकर के पूर्व में कलेक्टर, जिला खाद्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत की गई थी लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। अब ग्रामीणों ने फिर से एसडीएम उदयपुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मांग पूर्ण नहीं होने पर 7 दिवस के बाद आंदोलन किया जाएगा।

